अमर उजाला

# Siddharthnagar News: नकली शैक्षिक प्रमाण पत्र और अन्य उपकरणों के साथ युवक गिरफ्तार



कपिलवस्तु। नेपाल की रूपनदेही पुलिस ने भारी मात्रा में फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अभिषेक यादव निवासी नौबस्ता कानपुर के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक उसके पास से विभिन्न नेपाली और भारतीय विश्वविद्यालयों के फर्जी दस्तावेज और उन्हें बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई है।

जिला पुलिस कार्यालय रूपंदेही और क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय बेलहिया की एक संयुक्त टीम ने बताया कि रविवार शाम गोपनीय सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता सूरज कार्की ने कहा लंबे समय से रूपंदेही में फर्जी प्रमाणपत्रों के अवैध कारोबार की सूचना मिल रही थी और हम इस पर नजर रख रहे थे। इसी क्रम में अभिषेक यादव को भारी मात्रा में फर्जी प्रमाणपत्रों के साथ गिरफ्तार करने में सफल रहे। टीम ने उसे उस समय हिरासत में लिया। जब वह भैरहवा सिद्धार्थनगर नगर पालिका वार्ड नंबर एक के बेलहिया बस पार्क स्थित होटल मुक्तिनाथ में प्रवेश करने वाला था। शरीर और सूटकेस की तलाशी के दौरान, पुलिस को त्रिभुवन विश्वविद्यालय के जैसे दिखने वाले 100 ट्रांसक्रिप्ट और 36 खाली प्रमाणपत्र मिले।

Source: [https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/siddharthnagar/siddharthnagar-news-youth-arrested-with-fake-educational-certificates-and-other-equipment-siddharthnagar-news-c-227-1-sgkp1033-143041-2025-08-19](https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/siddharthnagar/siddharthnagar-news-youth-arrested-with-fake-educational-certificates-and-other-equipment-siddharthnagar-news-c-227-1-sgkp1033-143041-2025-08-19)